# आकाशवाणी शिमला

## 30.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

**मुख्य समाचार**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– टेक्सटाइल वेस्ट पूरी दुनिया के लिए बना चिंता का विषय– मन की बात कार्यक्रम में लोगों से जल संरक्षण का भी किया आह्वान।
- मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को प्रदान की डिग्री व उपाधियां।
- केन्द्र सरकार ने हरोली विधानसभा क्षेत्र के लिए 75 करोड़ रूपए की बीत क्षेत्र सिंचाई योजना के दूसरे चरण को दी मंजूरी।
- कुल्लू ज़िले के मणिकर्ण में भूस्खलन व पेड़ गिरने की घटना में 6 लोगों की मौत– 3 घायल।

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि वस्त्र अपशिष्ट यानी टेक्सटाइल वेस्ट आज पूरी दुनिया के लिए एक बड़ी चिंता की वजह बन गया है। प्रधानमंत्री ने आज आकाशवाणी के माध्यम से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के श्रोताओं के साथ अपने विचार साझा किए। यह इस मासिक कार्यक्रम की 120वीं कड़ी थी। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता–––

*आकाशवाणी के माध्यम से मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत दुनिया का ऐसा तीसरा देश है, जहां सबसे ज्यादा टैक्सटाइल वेस्ट निकलता है। उन्होंने कहा कि इस चुनौती से निपटने के लिए देश में कई सराहनीय प्रयास किए जा रहे हैं। नरेन्द्र मोदी ने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि कई राज्यों में जल संचय से जुड़े कामों में नई तेजी आई है और जल संरक्षण से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के लिए जल संचय–जन भागीदारी अभियान भी चलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों को ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान सकारात्मक कार्य करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि गर्मी की छुट्टी ऐसा समय है, जब हम किसी नए शौक को अपनाने के साथ ही अपने हुनर को और तराश सकते है। नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में सम्पन्न खेलो इंडिया पैरागेम्स में खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि इन खेलों के दौरान दिव्यांग खिलाड़ियों ने 18 राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाए, जिनमें से 12 रिकॉर्ड महिला खिलाड़ियों के नाम रहे। प्रधानमंत्री ने देशवासियों को आज से शुरू हुए चैत्र नवरात्रों की भी शुभकामनाएं दीं।*
**रितेश कपूर आकाशवाणी समाचार शिमला।**

**जयराम ठाकुर**

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने शिमला में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी ने अनेक मुद्दों पर देशवासियों का मार्गदर्शन किया और कई ज़रूरी विषयों का ज़िक्र किया।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को उपाधियां व डिग्रियां प्रदान कीं। दीक्षांत समारोह राज्य न्यायिक अकादमी शिमला में आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कानून की पढ़ाई करने से आत्मविश्वास की भावना जागृत होती है। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों में राज्य सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन की दिशा में कई कानूनी सुधार किए हैं। सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने बताया कि राज्य सरकार ने अनाथ बच्चों के कल्याण के लिए कानून बनाकर लगभग 6 हज़ार बच्चों का भविष्य सुरक्षित किया है। समारोह में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजय करोल और प्रदेश उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजीव शकधर को कानून के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए डॉक्टर ऑफ लॉज़ की मानद उपाधि प्रदान की गई। इस मौके पर 4 सौ 51 विद्यार्थियों को उपाधियां जबकि 15 को पी.एच.डी. की डिग्री प्रदान की गई।

## मुकेश अग्निहोत्री

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि केन्द्र सरकार ने 75 करोड़ रूपए की हरोली विधानसभा की बीत क्षेत्र सिंचाई योजना के दूसरे चरण को मंजूरी दे दी है। ऊना में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि हरोली क्षेत्र के किसानों के लिए ये एक बड़ी सौगात है और इसके अंतर्गत 12 जल संग्रहण टैंक बनाकर खेतों में पानी पहुंचाया जाएगा। मुकेश अग्निहोत्री ने इसके लिए केन्द्र सरकार का आभार जताया और कहा कि योजना के पहले चरण में 29 हज़ार कनाल भूमि को सिंचाई सुविधा मिल चुकी है।

## हादसा

कुल्लू ज़िले के मणिकर्ण में आज भूस्खलन व पेड़ गिरने की घटना में 6 लोगों की मौत हो गई जबकि 3 अन्य घायल हो गए। घायलों को क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में भर्ती करवाया गया है। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने इस घटना पर दुख जताते हुए कुल्लू ज़िला प्रशासन को राहत कार्यों में तेज़ी लाने और घायलों को बेहतर उपचार सुविधाएं देने के निर्देश दिए हैं। विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने भी इस घटना पर दुख जताया है।

## सिकंदर कुमार

सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने सरकारी नौकरियों में भर्ती प्रक्रिया को कम कर इसे और पारदर्शी बनाने का मुद्दा राज्यसभा में उठाया। उन्होंने कहा कि फॉर्म भरने से लेकर चयन होने तक कई साल लग जाते हैं और नौकरी पाने के इच्छुक कई युवा इस दौरान आयु सीमा को भी पार कर लेते हैं। सिकंदर कुमार ने केन्द्र सरकार से भर्ती प्रक्रिया की समीक्षा करने का आग्रह किया ताकि युवाओं का भविष्य सुरक्षित हो सके।

## नवरात्र

चैत्र नवरात्र आज से शुरू हो गए हैं। आज ही हिन्दू नववर्ष भी शुरू हो गया है। नवरात्र के लिए सभी शक्तिपीठों सहित अन्य मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा जो मां के विभिन्न रूपों के समक्ष नतमस्तक हुए। नवरात्र के पहले दिन आज मां के पहले स्वरूप शैलपुत्री की

पूजा–अर्चना की गई। कांगड़ा, ऊना और बिलासपुर ज़िलों में स्थित शक्तिपीठों चामुण्डा देवी, बज्रेश्वरी देवी, ज्वालामुखी, चिंतपूर्णी और श्री नयना देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए गए हैं। इधर राजधानी शिमला स्थित कालीबाड़ी मंदिर और तारादेवी मंदिर में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मां के समक्ष शीश नवाया।

**शिक्षा मंत्री–मांग**

चम्बा ज़िले में जनजातीय पांगी घाटी की शौर पंचायत के उप–प्रधान निहाल सिंह भारद्वाज और रेई पंचायत के उप–प्रधान ठाणू लाल शर्मा ने आज शिमला में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से भेंट कर उन्हें अपनी पंचायतों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। इन पंचायत प्रतिनिधियों ने पांगी क्षेत्र के स्कूलों में अध्यापकों व जलवाहकों के खाली पदों को जल्द भरने का आग्रह किया। शिक्षा मंत्री ने पंचायत प्रतिनिधियों को सभी ज़रूरी पद जल्द भरने का भरोसा दिलाया।

**स्वास्थ्य निदेशालय**

राज्य सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं को और मज़बूत करने के लिए चिकित्सा शिक्षा निदेशालय और स्वास्थ्य सेवाएं निदेशालय में कर्मचारियों के संवर्ग को अलग करने की अधिसूचना जारी की है। विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि सभी कर्मचारियों को अपनी पसंद के अनुसार संवर्ग चुनने का अवसर दिया गया और 14 हज़ार 5 सौ 73 कर्मचारी स्वास्थ्य सेवाएं निदेशालय में शामिल हुए हैं। इसके अलावा 5 हज़ार 2 कर्मचारियों ने चिकित्सा शिक्षा निदेशालय को चुना है।

**मुख्य समाचार एक बार फिर''**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– टेक्सटाइल वेस्ट पूरी दुनिया के लिए बना चिंता का विषय– मन की बात कार्यक्रम में लोगों से जल संरक्षण का भी किया आह्वान।
- मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को प्रदान की डिग्री व उपाधियां।
- केन्द्र सरकार ने हरोली विधानसभा क्षेत्र के लिए 75 करोड़ रूपए की बीत क्षेत्र सिंचाई योजना के दूसरे चरण को दी मंजूरी।
- कुल्लू ज़िले के मणिकर्ण में भूस्खलन व पेड़ गिरने की घटना में 6 लोगों की मौत– 3 घायल।